प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 06.10.2023 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पीलीभीत टाइगर रिजर्व में वन्य प्राणी सप्ताह के अवसर पर वन्य जीव संरक्षण और सतत ईको पर्यटन विकास कार्यशाला का किया शुभारम्भ।
2. मुख्यमंत्री ने आज लखनऊ में ट्रांसकॉन 2023 सम्मेलन का किया शुभारंभ : कहा– सेवा पखवाड़ा क दौरान प्रदेश में एकत्र किया गया 25 हजार यूनिट ब्लड।
3. भारतीय वायुसेना की 91वीं वर्षगांठ पर 8 अक्टूबर को प्रयागराज में होने वाली परेड और एयर शो का आज हुआ फुल ड्रेस रिहर्सल।

और

4. उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने आज गोरखपुर पह्ुच कर देवरिया प्रकरण में घायल हुए बच्चे से की मुलाकात : कहा– सरकार दोषियों के खिलाफ करेगी कठोर कार्रवाई।

———————————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज पीलीभीत टाइगर रिजर्व में वन्य प्राणी सप्ताह के अवसर पर वन्य जीव संरक्षण और सतत ईको पर्यटन विकास कार्यशाला का शुभारम्भ किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने पीलोभीत और

पूरनपुर के विकास के लिये ढाई सौ करोड़ रुपये की परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकर्पण किया।

मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम के दौरान कहा कि पीलीभीत सहित उत्तर प्रदेश के सभी प्राणि उद्यानों में बाघों की संख्या में बढ़ोतरी हुई है और इको पर्यटन के क्षेत्र में भी प्रदेश की देश में अलग पहचान बनी है। उन्होंने कहा कि हम सबको मिलकर वन्य जीवों के संरक्षण व संवर्धन के लिए कार्य करना चाहिए और पर्यटन विकास के भी भरपूर प्रयास करने चाहिए। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पीलीभीत के मुस्तफाबाद में वन्य प्राणी सप्ताह 2023 के समापन अवसर पर वन्य जीवों की सुरक्षा को ध्यान में रखकर पर्यटन सुविधाएं बढ़ाने के निर्देश दिए। उन्होंने इस बात पर प्रसन्नता जताई कि पीलीभीत टाइगर रिजर्व में बाघों की संख्या दोगुने से भी अधिक हो गई है और विश्व स्तर के कई अवार्ड पीलीभीत टाइगर रिजर्व ने बाघों की वंशवृद्धि व बेहतर प्रबंधन में जीते हैं। बाइट..........

*2014 में पीलीभीत टाइगर रिजर्व में 25 बाघों की संख्या थी। 18 में बढ़कर 65 होने पर यह पुरस्कार उत्तर प्रदेश को मिला है। इसी प्रकार से अगर उत्तर प्रदेश की बात मैं करूं 2018 में बाघ गणना में राज्य में बाघों की संख्या 173 थी। प्रदेश सरकार के जो प्रयास रहे है, आज इनकी संख्या बढ़ करके 205 से अधिक हो गई है और जो पर्यटन के बड़े पैमाने पर पर्यावरण प्रेमियों को पर्यटकों को अपनी ओर आकर्षित करके लोकल स्तर पर तथा नौजवानों के लिये रोजगार के ढेर सारे अवसर उपलब्ध करा सकता है।*

————————————

**मुख्यमंत्री योगी आदित्नाथ ने आज लखनऊ में इंडियन सोसाइटी ऑफ ब्लड ट्रांसफ्यूजन एंड इम्यूनोहेमेटोलॉजी के 48वं वार्षिक राष्ट्रीय सम्मेलन–ट्रांसकॉन 2023 का शुभारंभ किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने एक स्मारिका का विमोचन और ब्लड बैंकिंग के क्षेत्र में सराहनीय कार्य करने वाले विशेषज्ञ चिकित्सकों को सम्मानित किया। अपने संबोधन में मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकारें, प्रदेश के लोगों के लिए बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करने की दिशा में निरन्तर काम कर रही हैं। इस प्रकार की कॉन्फ्रेंस तकनीकी ज्ञान के साथ ही टेक्नोलॉजी का आदान–प्रदान करने में बड़ी भूमिका निभाती हैं। आज से दशकों पूर्व एक यूनिट ब्लड केवल एक व्यक्ति के लिए उपयोगी हो पाता था, लेकिन आज एक यूनिट ब्लड कई लोगों की जान बचाता है। उन्होंने कहा कि सेवा पखवाड़ा के दौरान ही उत्तर प्रदेश में 25 हजार यूनिट ब्लड कलेक्शन हुआ है। बाइट......**

*सेवा पखवाड़ा के दौरान ही उत्तर प्रदेश में 25 हजार यूनिट ब्लड कलेक्शन हुआ और इससे कई गुना लोगों ने अपने ब्लड ग्रुप की जांच करवा करके वहां सुरक्षित हो पाया। अगर वैलेन्टी डोनेशन के लिये हम लोगों को तैयार करे, इसमें स्कूल कॉलेजेस को लेने के साथ ही विभिन्न स्वयं सेवी संगठनों का योगदान, सामाजिक स्वयं सेवी संगठनों को जोड़ना, धार्मिक संगठनों को जोड़ना समय–समय र उनके बीच में सेमिनार आयोजित करना, ये शुरूआज अगर यहां से होती है तो मेरा मानना है कि जो कमी है अभी भी इस कमी को हम पूरी कर ही पायेंगे, लेकिन यह एक नई शुरूआत होगी।*

————————————

**भारतीय वायुसेना की 91वीं वर्षगांठ के मौके पर आगामी 8 अक्टूबर को प्रयागराज में होने वाली परेड और एयर शो को लेकर आज फुल ड्रेस रिहर्सल आयोजित किया गया। इस अवसर पर भारतीय वायुसेना क जवानों ने अदम्य  साहस और शौर्य का प्रदर्शन करते हुए वहां मौजूद लोगों का मन मोह लिया। फुल ड्रेस रिहर्सल परेड की सलामी मध्य वायु कमान मुख्यालय के कमांडिंग इन चीफ एयर मार्शल आर जी के कपूर ने ली। उन्होंने वायु सैनिकों को देश की एकता अखंडता और स्वतंत्रता की रक्षा की शपथ भी दिलाई। रक्षा मंत्रालय के प्रयागराज क्षेत्र के प्रवक्ता ग्रुप कैप्टन समीर गंगाखेड़कर ने बताया कि मिग–21 आखिरी बार एयर शो में हिस्सा लेगा। एयर शो में राफेल और तेजस समेत 100 से ज्यादा विमान शामिल होंगे।**

**बाइट..............**

*आज की जो फुल ड्रेस रिहर्सल है इसकी सबसे बड़ी विशेषता रही है जो स्कूली बच्चों ने यहां आकर के भाग लिया है और तालियों की गड़गड़ाहट के साथ उन्होंने वायु सैनिकों का जो मनोबल बढ़ाया है। एयर वारियर्स की खुशी देखने लायक थी। बच्चे ताली बजा रहे थे जो संगम का कार्यक्रम है इसमें सौ से ज्यादा हवाई जहाज भाग लेंगे। यह शो संगम घाट अरेल घाट, झूसी की तरफ वाला घाट, शाष्टी ब्रिज यह सभी जगह से देखा जा सकता है। इसमें विन्टेंज हवाई जहो जैसे हमारा टाइगर है, हमारा हारवर्ड ट्रेनर है, उसके अलावा हमारे पास जोटोकोटा हवाई जहाज है। ये भी वहां पर प्रदर्शन में भाग लेंगे। इसके अलावा हमारी आकाश गंगा टीम वहां पर अवतरित होती जो आधुनिक जहाज है जैसे सू–30 रफाल और अपने देश में बना तेजस हवाई जहाज हो सब वहां पर देखने को*

———————————

ब्रेक

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं। ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट एन0आई0सी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं।

प्रादेशिक समाचारों के इस बुलेटिन में आपका फिर से स्वागत है।

————————

उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने आज गोरखपुर पहंच कर बीआरडी मेडिकल कॉलेज में देवरिया प्रकरण में घायल बच्चे और उसके परिजनों से मुलाकात की। उपमुख्यमंत्री ने उन्हें आश्वस्त किया कि सरकार दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई करेगी। उन्होंने कहा कि इस मामले में उच्च स्तरीय जांच जारी है और वे खुद इसकी निगरानी कर रहे हैं। इसमें किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

देवरिया जिले में रुद्रपुर कोतवालो क्षेत्र के फतेहपुर गांव में बीते सोमवार को जमीनी विवाद में एक ही परिवार के पांच लोगों की हत्या कर दी गयी थी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल ही इस प्रकरणमें सख्त कार्रवाई करते

हुए एसडीएम और डिप्टी एसपी सहित पंद्रह अधिकारियों और कर्मचारियों को निलंबित किया है।

——————————

कानपुर नगर के थाना नौबस्ता अंतर्गत कपड़ा फैक्ट्री में आग लगने से आसपास के क्षेत्र में दहशत मच गई । सूचना मिलते ही मौके पर पुलिस और दमकल की कई गाड़ियां पहुंच गई। अग्निशमन कर्मियों ने कड़ी मेहनत के बाद आग पर काबू पा लिया है। हादसे में किसी भी प्रकार की जन हानि नहीं हुई है । कानपुर के ज्वाइंट कमिश्नर पुलिस आनंद प्रकाश तिवारी ने बताया कि आग पर काबू पा लिया गया है। आग लगने का कारण की जानकारी और हानि का आंकलन अभी नही हो सका है। जांच के बाद आग लगने का कारण पता चलेगा।

——————————

प्रदेश सरकार वाराणसी में मंदिर के स्वरूप में एक और भवन का निर्माण कराने जा रही है। इस बिल्डिंग में एकीकृत मंडलीय कार्यालय होगा। कॉरपोरेट कार्यालय की तर्ज पर यह अत्याधुनिक बिल्डिंग कमिश्नरी परिसर में प्रस्तावित है। सरकारी कार्यालयों के साथ ही भवन में कुछ आवश्यक व्यावसायिक गतिविधियों के लिए भी जगह होगी। वाराणसी विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष अभिषेक गोयल ने बताया कि क़रीब छह दशमलव पांच एकड़ में 10—10

मंज़िल का टावर प्रस्तावित है। भवन में मंडलीय स्तर के लगभग उन्सठ कार्यालय होंगे।

———————————

केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग राज्यमंत्री साध्वी निरंजन ज्योति ने आज इटावा के प्रधान डाकघर में पासपोर्ट कार्यालय का शुभारंभ किया। इस मौके पर केन्द्रीय राज्य मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में बिना भेदभाव सभी को सरकारी योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। पासपोर्ट कार्यालय के खुलने से यहां के लोगों को काफी सुविधा मिलेगी।

———————————

हमीरपुर के कलेक्ट्रेट सभागार में आज मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना के संबंध में जिला स्तरीय टास्क फोर्स की एक बैठक जिलाधिकारी राहुल पांडेय की अध्यक्षता में हुई। इस बैठक में योजना के प्रभावी क्रियान्वयन और इसके अन्तर्गत प्राप्त आवेदनों को स्वीकृति प्रदान करने के संबंध में चर्चा की गई।

(समाप्त)